Regarding construction of a Railway Overbridge on Level Crossing No. 104 in Pindwara in Sirohi district, Rajasthan and other railway related issues-Laid

श्री लुम्बाराम चौधरी **(जालौर) :** पिण्डवाड़ा सिरोही जिला (राजस्थान) की आम जनता को हो रही कठिनाईयों के मद्देनजर रेलव े बोर्ड न े अपन े23 दिसम्बर, 2023 क े आदेश संख्या 2022/CE-IV/PH30/Umb.22-23/NWR-124 के द्वारा महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे को पिंडवाड़ा में रेल लाइन पर बंद पड़े रेल फाटक / लेवल क्रासिंग संख्या 104 किमी 555/4 पर ₹ 5.68 करोड़ की लागत पर रेल्वे अंडर पास (RUB) के निर्माण कार्य किए जाने की स्वीकृती प्रदान की थी । अत इसका निमार्ण जल्द से जल्द किया जाए । करोना काल के पूर्व जयपुर से अहमदाबाद चलने वाली लोकल 54805 अप और 54806 डाउन ट्रेन को पुनः शुरू करने अथवा 19735 अप और 19736 डाउन जयपुर से मारवाड को अहमदाबाद तक विस्तार किया जाए । बाकरा रोड तथा मारवाड बागरा दोनो रेलवे स्टेशन पर सुपरफास्ट एवं एक्सप्रेस ट्रेनो का ठहराव दिया जाए । MGR Chennai Central - Bhagat ki Kothi SF Express 20625/20626 एक्सप्रेस ट्रेन का मोदरान स्टेशन पर ठहराव दिया जाए । जालोर से जयपुर - दिल्ली वाया लूनी - पाली मारवाड़ (रेलमंत्री की घोषणा अनुसार) नई रेल प्रारंभ किया जाए । जोधपुर से वाया जालोर होकर हैदराबाद, एर्नाकुलम, नागपुर बेल्लारी बैंगलुरु काकीनाडा विशाखापट्टनम रामेश्वरम और पुणे आदि शहरों के लिये नई रेल शुरू किया जाए ।